संपादकीय

मौत का मुआवजा

सर्वोच्च न्यायालय ने बड़ा और संवेदनशील फैसला सुनाते हुए कोविड संक्रमण से मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा देने की राह खोल दी है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देना जरूरी है क्योंकि यह सरकार का संवैधानिक दायित्व है। दरअसल, जस्टिस अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यानी एनडीएमए एक्ट की धारा-12 का उल्लेख किया, जिसमें आपदा में मृत्यु पर अनुग्रह राशि देने का प्रावधान है। जिसे लागू करने के लिये सरकार बाध्य है। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने एनडीएमए को इस मामले में गाइड लाइन तैयार करने तथा कोविड संक्रमण से हुई मौतों के बाबत न्यूनतम अनुग्रह राशि देने की सिफारिश करने का निर्देश भी दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ पीड़ितों के आश्रितों ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की मुआवजा राशि देने का आग्रह किया था, जिसको देने की असमर्थता जताते हुए केंद्र सरकार ने कहा था कि इससे सरकार का खजाना खाली हो जायेगा। शीर्ष अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार की उस दलील को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि आपदा प्रबंधन एक्ट की धारा-12 का प्रावधान बाध्यकारी नहीं है। इस पर अदालत ने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन की धारा-12 में अंग्रेजी के शैल शब्द का प्रयोग किया गया है, जो इसकी अनिवार्यता को दर्शाता है। कोर्ट ने एनडीएमए को उचित अनुग्रह राशि के निर्धारण के लिये भी कहा। विगत में ऐसी खबरें आ रही थी कि कोविड से मरने वाले कई लोगों के मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत का कारण कोविड संक्रमण नहीं लिखा गया है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कोविड से हुई मौत के मामले में मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करते वक्त उसमें तिथि और मृत्यु की वजह कोविड लिखा जाना चाहिए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि परिजन संतुष्ट नहीं हैं तो मौत का कारण सही करने के लिये उन्हें आसान सुविधा उपलब्ध करायी जाये।

इस बाबत केंद्र सरकार द्वारा दी गई दलीलों से असहमति जताते हुए शीर्ष अदालत ने प्रश्न किया कि क्या पीएम की अगुवाई वाली एनडीएमए ने यह फैसला लिया है कि कोरोना संक्रमण से हुई मौत के मामले में परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि नहीं दी जा सकती? साथ ही प्रश्न किया कि क्या मृतकों के परिजनों के दुख को कम करने के लिये किसी समान अनुग्रह राशि देने की योजना पर मंथन नहीं किया जा सकता? वास्तव में केंद्र सरकार द्वारा दायर हलफनामे में दलील दी गई थी कि कोविड से मरने वालों के परिवारों को अनुग्रह राशि देना उसके बूते से बाहर की बात है। इस दौरान केंद्र व राज्य सरकारें गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही हैं। वहीं सॉलिसिटर जनरल की दलील थी कि मसला यह नहीं कि वित्तीय संसाधनों की कमी है, सवाल यह है कि संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। यह भी कि राष्ट्रीय संसाधनों का तर्कसंगत, विवेकपूर्ण और सर्वोत्तम उपयोग किया जाना चाहिए। सरकार की दलील थी कि हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने का है ताकि भविष्य में किसी संकट का बेहतर ढंग से मुकाबला किया जा सके। वहीं इस बाबत याचिका दायर करने वालों के अधिवक्त ा का तर्क था कि वित्तीय संसाधनों के संकट की दुहाई देकर सरकार संवैधानिक दायित्व से विमुख नहीं हो सकती। वहीं कोर्ट का मानना था कि एनडीएमए अपने वैधानिक दायित्वों के निर्वहन में असफल रहा है। उल्लेखनीय है कि अभी तक करीब चार लाख लोग कोरोना महामारी में जान गंवा चुके हैं।

पीएनबीऔर बीओबी को पछाड़कर आईओबी बना दूसरा सबसे बड़ा बैंक

नईदिल्ली । इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) शुक्रवार को 50,000 करोड़ रुपए से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध बैंक बन गया है. इसने एम-कैप रैंकिंग में अपने साथियों पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) को पछाड़ दिया है. पिछले एक महीने में आईओबी का बाजार मूल्य 57 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि पीएनबी में 4 प्रतिशत की गिरावट और बीओबी शेयर की कीमत में 5 प्रतिशत की

वृद्धि हुई है. इसकी तुलना में, इसी अवधि के दौरान एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 1 फीसदी ऊपर था.

आईओबी का स्टॉक 30 जून, 2021 को 29 रुपए के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जो मई 2017 के बाद का उच्चतम स्तर था. आईओबी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पीएसबी निजीकरण अभियान के पहले चरण में निजीकरण किया जा सकता है. माना जा रहा है इसी के चलते इसमें तेजी आई है. वित्तीय रूप से आईओबी का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही (क्यू4एफवाई21) में दो गुना बढ़कर 350 करोड़ रुपए हो गया.

बैंक की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार और वृद्धि हुई है. इसमें सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 31 मार्च, 2021 तक सकल अग्रिमों के 11.69 प्रतिशत तक गिर गई हैं, जो एक साल पहले इसी अवधि में 14.78 प्रतिशत थी. शुद्ध एनपीए 5.44 प्रतिशत से गिरकर 3.58 प्रतिशत हो गया है.बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल के निर्देशानुसार 2021-22 के लिए पूंजी योजना को मंजूरी दे दी गई है, जिसके तहत वह पब्लिक ऑफर / राइट्स इश्यू पर फॉलो के जरिए अधिकतम 125 करोड़ शेयर तक इच्टी शेयर जारी करेगा. यह मुद्दा सरकार या योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की भागीदारी के साथ या बिना भी हो सकता है.

गुजरात के 6 खिलाड़ियों ने टोक्यो ओलंपिक, पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई किया

नईदिल्ली। गुजरात की छह महिला खिलाड़ियों ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आगामी टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए च ालीफाई कर लिया है। अहमदाबाद की माना पटेल ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है जहां वह 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। टोक्यो ओलंपिक 23 जुलाई से शुरू हो रहा है।

21 वर्षीय माना ने अपनी झोली में 180 से अधिक पदक जीते हैं, जिसमें 25 अंतरराष्ट्रीय, 72 राष्ट्रीय और 82 राज्य स्तर की उपलब्धियां शामिल हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी ने शुक्रवार को अपने ट्विटर हैंडल पर माना को खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर बधाई दी।

इसके अलावा अंकिता रैना ने टेनिस और इलावेनिल वलारिवन ने निशानेबाजी के लिए च ालीफाई किया है। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली अन्य तीन महिलाओं ने पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई किया है- बैडमिंटन के लिए गांधीनगर की पारुल परमार, पैरा टेबल टेनिस के लिए भावना पटेल और पैरा टेनिस के लिए सोनल पटेल।

जोकोविच और सबालेंका राउंड 16 में, फेडरर तीसरे दौर में

नईदिल्ली । पांच बार के चैंपियन और रिकॉर्ड बराबरी करने वाले 20वें ग्रैंड स्लेम खिताब की तलाश में लगे सर्बिया के नोवाक जोकोविच और महिलाओं में दूसरी सीड पूर्व बेलारूस की आरान्या सबालेंका तीसरे दौर का मुकाबला आसानी से जीतकर राउंड 16 में पहुंच गयी हैं जबकि आठ बार इस खिताब को अपने नाम कर चुके स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने गैर वरीय डमेरिका के डेनिस कुडला को 6-4, 6-3, 7-6 से पराजित किया। जोकोविच का च ार्टरफाइनल में स्थान बनाने के लिए चिली के क्रिस्टियन गारिन से मुकाबला होगा। गारिन पहली बार विम्बलडन के चौथे दौर में पहुंचे हैं और उनके सामने पिछली दो बार के चैंपियन जोकोविच की मुश्किल चुनौती रहेगी। जोकोविच ने तीसरे दौर में पहले दो सेट आसानी से जीत लिए लेकिन तीसरे सेट में कुडला ने 3-1 की बढ़त बना ली। सर्बियाई खिलाड़ी ने अपना अपना पूरा जोर लगाते हुए इस सेट को टाई ब्रेक में पहुंचाया और टाई ब्रेक 9-7 से जीतकर मैच दो घंटे 17 मिनट में समाप्त कर दिया।

आरबीआई ने दो बैंकों पर लगाया लाखों का जुर्माना, नियमों का उलंघन का आरोप

नईदिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साइबर सुरक्षा से जुड़े नियमों के उल्लंघन के आरोप में पंजाब एवं सिंध बैंक पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. आरबीआई के अनुसार बैंक ने साइबर सुरक्षा संरचना नियमों का पालन नहीं किया है.

सरकार के स्वामित्व वाले इस बैंक को 16 मई और 20 मई, 2020 को कुछ साइबर घटनाओं की जानकारी दी गई थी बैंक की ओर से नोटिस का जो जवाब दिया गया था आरबीआई ने उसे संतोषजनक नहीं पाया. आरबीआई

ने कहा, उक्त घटनाओं की रिपोर्ट और घटनाओं के फॉरेंसिक विश्लेषण की रिपोर्ट की जांच से पता चला कि बैंक ने पहले से निर्धारित निर्देशों का पालन नहीं किया. कारण बताओ नोटिस के जवाब में बैंक द्वारा पेश किए गए स्पष्टीकरण/दस्तावेज पर्याप्त नहीं थे.

इनकी जांच के बाद पाया गया कि निर्देशों का उल्लंघन हुआ है ऐसे में वित्तीय जुर्माना लगाने की जरूरत है.आय की पहचान, संपत्ति का वर्गीकरण, प्रावधानीकरण, यूसीबी आदि नियमों के उल्लंघन के आरापे में आरबीआई ने इटावा के नगर सहकारी बैंक लिमिटेड के खिलाफ भी कार्रवाई की. बैंक पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है.

रिजर्व बैंक ने कहा कि दोनों ही मामलों में जुर्माना नियामकीय अनुपालन में अनियमितता की वजह से लगाया गया है.भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी बैंक पर प्रतिबंधों को 1 जुलाई, 2021 से बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2021 कर दिया है. आरबीआई ने कहा कि पीएमसी बैंक के पुनर्निर्माण को पूरा करने के लिए आवश्यक समय को ध्यान में रखते हुए निर्देशों को बढ़ाया गया है.

पेटीएम लेकर आ रहा है 50 करोड़ का कैशबैक

नईदिल्ली । डिजिटल पेमेंट प्लैटफॉर्म पेटीएम ने कहा कि डिजिटल इंडिया के छह साल पूरे होने के अवसर पर कंपनी उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए कैशबैक कार्यक्रम शुरू करेगी, जिसके लिए 50 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं.यह ऑफर संपूर्ण भारत में व्यापारियों के लिए लागू हैगारंटीड कैशबैक ऑफर लॉन्च करने के साथ ही कंपनी साउंडबॉक्स और आईओटी डिवाइस की भी पेशकश कर रही है. कंपनी इस साल प्रोग्राम के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि देने के लिए प्रतिबद्ध है इस ऑफर के अंतर्गत, पेटीएम ने भारत में व्यापारियों और ग्राहकों के लिए पेटीएम ऐप के माध्यम से किए जाने वाले प्रत्येक लेन-देन के लिए कैशबैक प्रोग्राम की घोषणा की है. दिवाली से पहले पेटीएम ऐप के जरिए सबसे ज्यादा संख्या में लेनदेन करने वाले व्यापारियों को शीर्ष व्यापारी बनने के लिए प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा और साथ ही उन्हें मुफ्त में साउंडबॉक्स, आईओटी डिवाइस तथा ऐसे ही कई अन्य ईनाम भी दिए जाएंगे. ग्राहकों को भी प्रत्येक लेनदेन के लिए कैशबैक प्राप्त होगा जो पेटीएम ऐप के जरिए भुगतान करने के लिए दुकानों में पेटीएम क्यूआर कोड स्कैन करेंगे.कंपनी द्वारा यह ऑफर डिजिटल इंडिया मिशन के छह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य है ऑनलाइन इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और डिजिटल कौशल में सुधार लाना, यहां तक कि भारत के आंतरिक हिस्सों में भी.

हीरो नहीं विलेन बनकर पॉपुलर हुए नील नितिन मुकेश

नील नितिन मुकेश उस परिवार से हैं जिनकी कई जनरेशन फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही है. वह बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर्स के परिवार से हैं. नील के पिता नितिन और दादा जी मुकेश पॉपुलर सिंगर रहे हैं. हालांकि नील का सिंगिंग में इंट्रेस्ट नहीं रहा. उन्होंने एक्टिंग में अपना करियर बनाने का फैसला लिया.

नील ने वैसे बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था. साल 1988 में आई फिल्म 'विजय' और 1989 में 'जैसी करनी वैसी भरनी' फिल्म में वह बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आए थे.

इसके बाद नील ने पढ़ाई पूरी की और फिर फिल्म 'जॉनी गद्दार' बतौर लीड हीरो अपने करियर की शुरुआत की. इस फिल्म के लिए वह फिल्मफेयर बेस्ट मेल डेब्यू अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए थे. इसके बाद उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी फिल्म 'न्यू यॉर्क' से मिली. इस फिल्म में नील के साथ जॉन अब्राहम और कैटरीना कैफ लीड रोल में थे. नील ने और भी कई फिल्मों में काम किया, लेकिन उनके हाथ ज्यादा हिट फिल्में नहीं लगीं. वैसे नील को हीरो से ज्यादा

विलेन के किरदार में पसंद किया गया है. हालांकि कमाई के मामले में नील किसी से कम नहीं हैं.

नील की नेटवर्थ 6 मिलियन डॉलर है. ज्यादा से ज्यादा प्रॉफिट नील को बिजनेस के जरिए होता है. वहीं एक फिल्म के लिए उन्हें 2-3 करोड़ मिलते हैं. नील के अपने कुछ ब्रांड्स भी हैं और इसके साथ ही वह विज्ञापनों के जरिए भी कमाई करते हैं.

नील 11.3 करोड़ के शानदार घर में परिवार के साथ रहते हैं. वह घर से अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं.

नील के पास लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन है. उनके पास मर्सिडीज बेन्ज, बीएमडब्लू, जैगुआर और ऑडी है. बता दें कि नील ने न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि तमिल और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है. लास्ट नील साल 2019 में आई फिल्म बायपास रोड में नजर आए थे.

आज का राशिफल

मेष : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

वृषभ : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे।

मिथुन : दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

कर्क : भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

सिंह: घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

कन्या : यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा।

तुला : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा।

वृश्चिक : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा।

धनु : नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

मकर : किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है।

कुंभ : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा।

मीन : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

डिज्नी फिल्म स्पिन में दिखेंगे अभय देओल, 13 अगस्त को होगी रिलीज

अभय देओल बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता हैं। उन्होंने शनिवार को अपने आगामी प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। अभय बहुत जल्द डिज्नी की फिल्म स्पिन में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 13 अगस्त को डिज्नी चैनल पर रिलीज होगी। फिल्म अंग्रेजी भाषा में बन रही है, जो मैच्योर होते टीनएजर्स पर आधारित होगी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए इस प्रोजेक्ट की घोषणा की है।

अभय ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मुझे पता है कि मेरे

अधिकांश दर्शक मुझे वैकल्पिक कहानियां बनाने के लिए प्यार करते हैं, जो यथास्थिति को चुनौती देती हैं। यही कारण है कि यह फिल्म और भी खास है क्योंकि यह मेरी अपनी यथास्थिति से हटकर है। इसे युवा दर्शकों को ध्यान में रख कर बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्पिन एक डिज्नी फिल्म है, जो 13 अगस्त को अमेरिकी दर्शकों के लिए डिज्नी चैनल पर प्रसारित होगी।

अभिनेता ने आगे बताया कि यह एक ऐसी फिल्म है, जो दर्शकों को मुस्कुराते हुए अच्छा महसूस कराएगी। उन्होंने कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली समझते हैं। स्पिन को एक भारतीय अमेरिकी किशोरी रिया कुमार (अवंतिका वंदनापु) की कहानी के रूप में फिल्माया गया है। वह डीजे संस्कृति की अनूठी दुनिया के माध्यम से अपने कलात्मक पक्ष की खोज करती है।

'रामायण' की 'सीता' बनीं 'शक्ति', नए सीरियल में अपने किरदार की दिखाई झलक

रामानंद सागर के धारावाहिक 'रामायण' में सीता का किरदार निभाकर लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया इन दिनों सुर्खियों में हैं। वो जल्द ही नए शो में नज़र आने वाली हैं। वे एक बार फिर से इसी प्रोडक्शन हाउस का हिस्सा बनने जा रही हैं। दीपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अपने नए किरदार की झलकियां दिखाई हैं। इस फोटो में दीपिका अलग अवतार में नज़र आ रही हैं। उन्होंने इस फोटो के कैप्शन में लिखा है- कभी सीता तो कभी

शक्ति.. मैं हूं नारी।

इससे पहले भी उन्होंने नए शो के सेट से अपनी कई फोटोज शेयर की थीं। गौरतलब है कि पौराणिक धारावाहिक रामायण की बात करें तो इस शो ने 1987 में दूरदर्शन पर रिलीज होने के बाद काफी लोकप्रियता हासिल की थी।

इस संडे को बनाएं ब्रेड पिज्जा पॉकेट

हाल-फिलहाल स्ट्रीट-फूड्स को आप बहुत मिस कर रहे होंगे। खा तो अभी सकते हैं लेकिन सेफ न होने के चलते इन्हें इग्नोर ही करना पड़ रहा है। तो क्यों न घर में कुछ लजीज स्ट्रीट फूड किया जाए ट्राय।

सामग्री :

1 टीस्पून मक्खन, 1 कली लहुसन की बारीक कटी हुई, 1/2 प्याज बारीक कटा, 1 गाजर बारीक कटे हुए, 3 टीस्पून स्वीट कॉर्न, 1/2 शिमला मिर्च कटी हुई, नमक स्वादानुसार, 3 टीस्पून पिज्जा सॉस, 4 ऑलिव्स कटे हुए, 1 टीस्पून जॉलपीनो कटे हुए, 1/4 कप मोजरैला चीज़ कद्दूकस किया, 9 स्लाइस ब्राउन या व्हाइट ब्रेड, पानी, तेल तलने के लिए

विधि :

पहले एक बड़ी कड़ाही में एक चम्मच मक्खन डालकर उसमें लहसुन और प्याज डालकर भूनेंगे। अब इसमें गाजर, स्वीट कॉर्न, शिमला मिर्च और नमक डालेंगे। तेज आंच पर पकाएंगे नहीं तो सब्जी पूरी तरह से पक जाएगी। अब इसमें 3 चम्मच पिज्ज़ा सॉस डालकर मिक्स करेंगे। बाउल में ट्रांसफर कर अच्छी तरह से ठंडा होने देंगे। इसके बाद इसमें ऑलिव्स, जॉलपीनो और मोजरैला चीज़ डालकर मिक्स करेंगे। अब ब्रेड के किनारों को काटकर अलग कर दें। उसमें ये स्टफिंग भरकर उसके किनारों को पानी की मदद से लॉक कर दें। अब कड़ाही में तेल गर्म करें और ब्रेड पॉकेट पिज्जा को मीडियम आंच पर अच्छे से फ्राई कर लें। आप चाहें तो इसे बेक करके भी बना सकती हैं। अवन को 180 डिग्री पर 15-20 मिनट तक प्रीहीट कर लें। तैयार है आपका ब्रेड पिज्जा पॉकेट, जिसे आप हरी या लाल चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 129

बाएं से दाएं
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे
1. शरीर का कोई भाग, शरीर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 128 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	र्म			ज	र	दा		

सू-दोकू- 129

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.128 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6